कुछ पुल्लिग और स्त्रीलिंग शब्दों के उदाहरण–

| पुल्लिग | स्त्रीलिंग | पुल्लिग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| लड़का | लड़की | माली | मालिन |
| अध्यापक | अध्यापिका | चाचा | चाची |
| गायक | गायिका | लेखक | लेखिका |
| पुत्र | पुत्री | मालिक | मालकिन |
| बाघ | बाघिन | नौकर | नौकरानी |
| पिता | माता | बेटा | बेटी |
| मौसा | मौसी | बैल | गाय |
| बकरा | बकरी | हाथी | हथिनी |
| चूहा | चुहिया | घोड़ा | घोड़ी |

## हमने सीखा

- जिन शब्दों से पुरुष या स्त्री जाति का पता चले, वे लिंग कहलाते हैं।
- लिंग **दो** प्रकार के होते हैं–पुल्लिग और स्त्रीलिंग।

## आओ अभ्यास करें


**1. चित्रों को पहचान कर उनके साथ पुल्लिग या स्त्रीलिंग लिखिए–**



माली – मालिन



लड़की – लड़का




बैल – गाय



अध्यापिका - अध्यापक



गायक - गायिका




हाथी - हथिनी

**2.** **इन चित्रों को देखिए। रेखा खींचकर उसके जोड़े बनाइए तथा चित्रों के नाम भी लिखिए।**



माली



मोरनी



राजा



मालिन



मोर



रानी

**3. रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर खाली स्थानों की पूर्ति कीजिए–**


क. नौकर और ......नौकरानी...... दोनों मिलकर घर का काम करते हैं।

ख. बैल हल चलाता है और ......गाय...... दूध देती है।

ग. रमन के पिता जी बैंक में काम करते हैं और माता जी स्कूल में अध्यापिका हैं।

घ. धोबिन और ......धोबी...... कपड़े धो रहे हैं।

**4. नीचे बने गुब्बारों में से स्त्रीलिंग शब्द लिखे गुब्बारों के धागे लड़की के हाथ में तथा पुल्लिंग शब्द लिखे गुब्बारों के धागे लड़के के हाथ में दीजिए–**



# खेल-खेल में

यदि आपको उपहार लेना है तो स्त्रीलिंग शब्दों के सहारे इस भूलभुलैया को पार कर उपहार लें–

